आज
२.५०
ढाई रुपये मात्र

आज

रोहित शर्मा
भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच निर्णायक वनडे आज

१०३

संजीदा शेख
मेकअप रूम से बनाया अपना बोल्ड वीडियो

पटना, बुधवार, २२ मार्च, २०२३ सौर ८ चैत्र सं. २०७९ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२पृष्ठ मूल्य दोरुपये पचास पैसा

नैक में उत्कृष्ट योगदान को लेकर सम्मान समारोह आयोजित

समस्तीपुर (आससे)। मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सस्तीपुर में शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्रों के द्वारा नेक में उत्कृष्ट योगदान के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 सुरेंद्र प्रताप सिंह तथा मुख्य अतिथि के रुप में इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स एंड कॉमर्स प्रो0 अशोक कुमार मेहता उपस्थित रहे। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा मिथिला विश्वविद्यालय बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ0अरविंद मिलन, बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर के प्राचार्य प्रो0 बिरेंद्र कुमार चौधरी, महिला कॉलेज समस्तीपुर की प्राचार्य डॉ0 सुनीता सिन्हा, आरएनएआर कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रसाद, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन दरभंगा के प्राचार्य डॉ0जीएम अंसारी, मौलाना मजहरूल हक़ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अंजुम वारिस, बी0बी0 फातिमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव अंजुम असगर, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव मो0 अबू सईद आदि लोग उपस्थित थें। समारोह की अध्यक्षता मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष मो0 अबू तमीम ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्रों को मेमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में छात्र छात्रों द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई।